दिन– शुक्रवार | दिनांक– 06 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद आज पटना में जदयू विधानमंडल दल की उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन।

02 बैठक में मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार के जदयू में शामिल होने के प्रस्ताव पर लगी मुहर। कल ग्रहण करेंगे पार्टी की सदस्यता।

03. यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा, दो हजार पच्चीस का अंतिम परिणाम घोषित किया। मुजफ्फरपुर के राघव झुनझुनवाला और वैशाली के उज्ज्वल प्रियांक ने शीर्ष दस में बनाया स्थान।

04. और, प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी से बदला मौसम का मिजाज। मौसम विभाग का नौ मार्च से ग्यारह मार्च तक कई जिलों में वर्षा का पूर्वानुमान।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा का नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद जनता दल यूनाइटेड के विधानमंडल दल की एक उच्च स्तरीय बैठक आज पटना में आयोजित हुई। मुख्यमंत्री के आवास पर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के सभी विधायक, विधान पार्षद, सांसद और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक के बाद पार्टी के प्रवक्ता नीरज कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार के जदयू में शामिल होने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। श्री कुमार ने बताया कि कल मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार जदयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद उनके समर्थकों ने नाराजगी जाहिर की है। पटना स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय समेत कई स्थानों पर मुख्यमंत्री के समर्थकों ने उनके इस फैसले पर पुर्नविचार करने की मांग की है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि पार्टी के सभी फैसले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इच्छा से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की इच्छा के विपरित उनसे कोई फैसला नहीं करवाया जा सकता है।

———बाइट———

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का राजनीतिक फैसला है और हम सभी इस फैसले के साथ खड़े हैं।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से कई कदम उठाएं हैं।

———बाइट———

कृषि विश्वकर्मा ये सब हमारी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। एग्रीकल्चर भारत की लॉन्ग टर्म डेवलपमेंट जर्नी का स्ट्रैटेजिक पिलर भी है और इसी सोच के साथ हमारी सरकार ने कृषि सेक्टर को लगातार मजबूत किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने रसायन मुक्त खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में उच्च मूल्य कृषि उत्पाद पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

———बाइट———

एमएसपी में हुए रिफॉर्म से अब किसानों को डेढ़ गुना तक रिटर्न मिल रहा है। इंस्टीट्यूशनल क्रेडिट कवरेज 75 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। पीएम फसल बीमा योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपए के क्लेम सेटल किए गए। ऐसे अनेक प्रयासों से किसानों का रिस्क बहुत कम हुआ है और उन्हें एक बेसिक इकोनामिक सिक्योरिटी मिली है।

श्री मोदी ने कहा कि इस साल का बजट अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है।

———बाइट———

दुनिया के बाजार खुल रहे हैं, ग्लोबल डिमांड बदल रही है। हमारे पास डायवर्स क्लाइमेट है हमें इसका पूरा फायदा उठाना है। एग्रो क्लाइमेटिक जोन उस विषय में हम बहुत समृद्ध है। इस साल का बजट इन सब बातों के लिए अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। प्रोडक्टिविटी बढ़ाने की दिशा तय करता है और एक्सपोर्ट ट्रेंड को बढ़ावा देता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने तीन करोड़ लखपति दीदी तैयार करने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है।

———बाइट———

लखपति दीदी अभियान की सफलता को भी हमें नई ऊंचाई देनी है। अभी तक गांव की तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में हम सफल हो चुके हैं। अब 2029 तक 3 करोड़ में और 3 करोड़ जोड़ना है। ये लक्ष्य और तेजी से कैसे प्राप्त किया जाए, इसे लेकर भी आपके सुझाव महत्वपूर्ण होंगे।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को बिहार का राज्यपाल नियुक्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। वहीं, श्री चौधरी ने बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर उन्हें बधाई दी है।

–––बाइट–––

---

उमेश सिंह कुशवाहा लगातार तीसरी बार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में आज श्री कुशवाहा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसके बाद देर शाम उनके चयन की घोषणा की गयी। श्री कुशवाहा को जदूय और एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा– सीएसई दो हजार पच्चीस का अंतिम परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। यूपीएससी ने बताया कि छह सौ उनसठ पुरुषों और दो सौ निन्यानवे महिलाओं सहित कुल नौ सौ अट्ठावन उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया है। परीक्षा में अनुज अग्निहोत्री ने पहला, राजेश्वरी सुवे ने दूसरा और अकांश ढुल ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

---

प्रदेश के दो अभ्यर्थियों राघव झुनझुनवाला और उज्ज्वल प्रियांक ने शीर्ष दस में जगह बनाई है। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

प्रदेश के मुजफ्फरपुर जिले के सरायगंज के रहने वाले राघव झुनझुनवाला ने ऑल इंडिया रैंकिंग में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इधर, वैशाली के उज्ज्वल प्रियांक को ऑल इंडिया रैंकिंग में दसवां, औरंगाबाद की मोनिका श्रीवास्तव को सोलहवां, नवादा के दृष्टिबाधित रवि राज को बीसवां स्थान मिला है। समस्तीपुर के मोहिउद्दीन नगर प्रखंड स्थित राजाजान गांव के अभिषेक कुमार को एक सौ दोवां, जबकि ताजपुर प्रखंड के कोठिया गांव निवासी आयुष कुमार को एक सौ तैंतालीसवां स्थान प्राप्त हुआ है। आयोग के अनुसार तीन महिला परीक्षार्थियों ने टॉप टेन में अपना स्थान पक्का किया है। समाचार कक्ष से मैं सत्यम कुमार।

पच्चीस मई दो हजार पच्चीस को आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के लिए नौ लाख तीस हजार से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

---

बिहार की पांच समेत देश की सैंतीस राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच आज की गयी। उम्मीदवार नौ मार्च तक नाम वापस ले सकते हैं। इन सीटों के लिए मतदान सोलह मार्च को होगा। परिणाम उसी दिन घोषित किये जाएंगे। बिहार की पांच सीटों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कुल छह उम्मीदवारों ने नामांकनपत्र दाखिल किया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश महासचिव शिवेश कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं। वहीं, राजद की ओर से सांसद अमरेन्द्रधारी सिंह ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। छह उम्मीदवारों के मैदान में होने से मतदान होना तय हो गया है। एक उम्मीदवार को जीतने के लिए एकतालीस विधायकों की समर्थन की जरूरत है। संख्या बल के आधार पर एनडीए के चार उम्मीदवारों की जीत तय है। जबकि पांचवें उम्मीदवार उपेन्द्र कुशवाहा को जीत के लिए तीन और विधायकों का समर्थन मिलना जरूरी होगा। वहीं, राजद को जीत के लिए महागठबंधन के पैंतीस विधायकों के साथ ही एआईएमआईएम के पांच और बसपा के एक विधायक का वोट प्राप्त होना जरूरी है। सविता पारीक आकाशवाणी समाचार पटना।

---

नेपाल में आम चुनाव की मतगणना जारी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी एक सौ दो सीटों पर जीत दर्ज करने के साथ ही सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। गगन थापा की नेपाली कॉग्रेस ग्यारह और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल – यूएमएल नौ सीटों पर आगे हैं। पुष्प कमल दहल की एनसीपी दस सीटों पर आगे चल रही है। मतगणना आज शाम तक पूरी हो जाने की संभावना है।

---

राजधानी पटना सहित प्रदेशभर के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों का तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इस अवधि में मोतिहारी में सबसे अधिक तैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, नौ मार्च से ग्यारह मार्च तक विभिन्न जिलों में वर्षा का पूर्वानुमान है।

---

भारत पेट्रोलियम ने कहा है कि  देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और सप्लाई चेन सामान्य रूप से चल रही है। कंपनी ने उन दावों को खारिज किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि कुछ स्थानों पर पेट्रोल और डीजल की किल्लत हो रही है। कंपनी ने

कहा कि ऐसे दावे पूरी तरह से निराधार है। बीपीसीएल सभी ग्राहकों के लिए बिना किसी रूकावट के ईंधन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राम सुन्दर दास को उनकी ग्यारहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज श्रद्धापूर्वक याद किया गया। पटना के कंकड़बाग स्थित राम सुन्दर दास पार्क में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और कृषि मंत्री रामकृपाल यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के काकण चौक के पास पुलिस ने एक कंप्यूटर दुकान में फर्जी पैन और आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

---

मुंगेर जिले में होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में जमालपुर थाना पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं, जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नया टोला दरियापुर गांव में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने चौबीस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद आज पटना में जदयू विधानमंडल दल की उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन।

02 बैठक में मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार के जदयू में शामिल होने के प्रस्ताव पर लगी मुहर। कल ग्रहण करेंगे पार्टी की सदस्यता।

03. यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा, दो हजार पच्चीस का अंतिम परिणाम घोषित किया। मुजफ्फरपुर के राघव झुनझुनवाला और वैशाली के उज्ज्वल प्रियांक ने शीर्ष दस में बनाया स्थान।

04. और, प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी से बदला मौसम का मिजाज। मौसम विभाग का नौ मार्च से ग्यारह मार्च तक कई जिलों में वर्षा का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।